राज्य परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान,
मध्याह्न भोजन योजना प्रकोष्ठ
ननूरखेड़ा निकट विद्यालयी शिक्षा निदेशालय,
तपोवन मार्ग, रायपुर, देहरादून ।
E-mail : mdmcell.uttarakhand@gmail.com
दूरभाष : 0135–2781944 फैक्स : 2781944
टोल फ्री नं0: 1800 180 4132

सेवा में,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक / माध्यमिक),
उत्तराखण्ड।

पत्रांकः– एम0डी0एम / 04 / 350 / 2013–14 दिनांक 21 सितम्बर, 2013

विषयः– **मध्याह्न भोजन योजनान्तर्गत किचन गार्डन के माध्यम से सब्जी उगाने विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, विद्यालयी शिक्षा के पत्र संख्याः 287 / स0वि0शि0 / प्र0नि0स0 / 2013 दिनांक 06 सितम्बर, 2013 (संलग्न) द्वारा अवगत कराया गया है कि मध्याह्न भोजन योजना के सम्बन्ध में विचार–विमर्श में यह बात आयी कि जिस प्रकार देश के कुछ अन्य राज्यों में जिन विद्यालयों में भूमि उपलब्ध है वहाँ सब्जियों के उत्पादन की व्यवस्था की गई है, उसी प्रकार उत्तराखण्ड राज्य में जिन विद्यालयों में भूमि उपलब्ध है वहाँ किचन गार्डन बनाया जा सकता है, जिसमें सब्जियों का उत्पादन अधिक से अधिक किया जाये। इस प्रकार किचन गार्डन से विद्यालय का सौन्दर्यकरण भी होगा एवं बच्चों को ताजी सब्जियाँ भी उपलब्ध हो सकती है। प्रदेश के कई विद्यालयों में भूमि उपलब्ध है जहाँ कृषि विषय भी चलता है। इन विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना के उपयोग हेतु किचन गॉर्डन जिसमें मुख्यतः सब्जी उगाई जाने की व्यवस्था की जा सकती है। प्रायः अनुश्रवण के समय देखने में आता है कि विद्यालयों में अधिक मूल्य वृद्धि के कारण सब्जी बनाने में समस्या होती है। किचन गार्डन होने पर इस समस्या का निराकरण किया जा सकता है। ऐसे विद्यालयों को भी चिन्हित किया जाये जहाँ इस प्रकार का अभिनव प्रयोग किया जा रहा है एवं इन्हें प्रोत्साहित भी किया जाये ताकि अन्य विद्यालय भी किचन गार्डन बनाने हेतु प्रेरित हों।

संलग्नः यथोपरि

भवदीय

(राधिका झा)
राज्य परियोजना निदेशक,
सर्व शिक्षा अभियान
उत्तराखण्ड, देहरादून।

पृ0सं0 / एम0डी0एम0 / 04 / 350 – 54 / 2013–14 तद्दिनांक ।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1) सचिव, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन।
2) निदेशक (प्रा0 / मा0) अकादमिक शोध एवं मूल्यांकन प्रशिक्षण।
3) अपर निदेशक (प्रा0 / मा0), गढवाल / कुमाऊं मण्डल।
4) समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड।

(राधिका झा)
राज्य परियोजना निदेशक,
सर्व शिक्षा अभियान
उत्तराखण्ड, देहरादून।